भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1071
दिनांक 28 **जुलाई**, 2021

बायोमास एथेनॉल संयंत्र

1071 **श्री सतीश चंद्र दुबे**:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अभी तक किन-किन जगहों पर जैव ईंधन के रूप में बायोमास एथेनॉल संयंत्र स्थापित किए गए हैं; और
(ख) तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(**क**) **और** (**ख**): सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों ने हरियाणा में पानीपत, पंजाब में भटिंडा, ओडिशा में बारगढ़, असम में नुमालीगढ़ और कर्नाटक में देवानगिरी में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के लिए एथेनॉल की आपूर्ति बढ़ाने के उद्देश्य से बायोमास आधारित एथेनॉल संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है।

****